तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 24 नवंबर 2025

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

3
पतुरियाडांड हाईस्कूल में पहुंचे अंग्रेजी के व्याख्याता, सेंदीपाली में अब भी है इंतजार



## खबर संक्षेप

### श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन 26 से

**कोरबा।** बालकोनगर में परसाभाठा वार्ड क्रमांक 45 में चंद्रा मोहल्ला स्थित दुर्गा पंडाल में नव दुर्गा महिला समिति द्वारा 26 नवंबर से 4 दिसंबर तक संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ आयोजित किया है। सरसिवां सारंगढ़ की कथावाचिका भागवत मानस ब्यास देवी तन्नु पाठक द्वारा 9 दिनों तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से हरि इच्छा तक अपने श्रीमुख से कथा का वाचन किया जाएगा। संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के मुख्य संरक्षक केदारनाथ अग्रवाल, पार्षद बद्री किरण व वरिष्ठ कार्यकर्ता एफडी मानिकपुरी है। मुख्य यजमान डॉ. एमएल चंद्रा व राजेश्वरी चंद्रा है। आयोजक नव दुर्गा महिला समिति ने पावन कथा आयोजन में सभी जिला सियों से सपरिवार पधारकर भगवत कथा का रसपान करने अपील की है।

### डॉ.ज्योति को मिली पीएचडी की उपाधि



**कोरबा।** भैरोताल छुराकछार निवासी डॉ ज्योति दीवान को छत्तीसगढ़ वैज्ञानिक समुदाय मधुमेह अनुसंधान में एन-एरिल प्रतिस्थापित हाइड्रॉक्सामिक एसिड की मधुमेह-रोधी गतिविधि के लिए प्रतिष्ठित डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि से सम्मानित किया गया है। उनका शोध मधुमेह मेलेटस (डीएम) के प्रभावी औषधीय प्रबंधन के लिए एक आशाजनक नई दिशा प्रदान करता है जो विशेष रूप से भारत में तेजी से बढ़ती स्वास्थ्य चिंता है। डॉ. दीवान ने नए एन-एरिल-प्रतिस्थापित हाइड्रॉक्सैमिक एसिड व्युत्पन्न विकसित किए और दो प्रमुख कार्बोहाइड्रेट-हाइड्रोलाइजिंग एंजाइमों-अल्फा-एमालेस और अल्फा-ग्लूकोसाइडेस के शक्तिशाली और चयनात्मक अवरोधकों के रूप में उनकी क्षमता का मूल्यांकन किया। ये एंजाइम भोजन के बाद रक्त शर्करा के स्तर में वृद्धि, जो मधुमेह चिकित्सा में एक केंद्रीय लक्ष्य बना हुआ है, के नियमन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डॉ. दीवान के अग्रणी योगदान से मधुमेह से निपटने के लिए भविष्य में वैश्विक दवा खोज प्रयासों को प्रभावित करने की उम्मीद है।

### नेहा ने एमएससी कंप्यूटर साइंस परीक्षा में प्राप्त किया 7वां स्थान



**कोरबा।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय से संबद्ध कोरबा कंप्यूटर कॉलेज की छात्रा कु नेहा श्रीवास ने एमएससी कंप्यूटर साइंस परीक्षा में 77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय में सातवां स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि के लिए उन्हें गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा। नेहा श्रीवास पार्षद लक्ष्मण श्रीवास की पुत्री हैं। कॉलेज प्रबंधन ने नेहा की मेहनत, लगन और तकनीकी दक्षता की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह जिले की प्रतिभाशाली छात्राओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

### 11 केंद्रों में ही अब तक हो सकी है धान खरीदी की बोहनी

# हड़ताल और डाटा एंट्री ऑपरेटरों के स्थानांतरण से धान खरीदी प्रभावित



खरीदी केन्द्र में रखा हुआ धान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

समिति कर्मचारियों की हड़ताल के साथ कम्प्युटर ऑपरेटर व फड़ प्रभारियों के स्थानांतरण से धान खरीदी प्रभावित हुई है। अब तक 11 केंद्रों में ही धान खरीदी की बोहनी हुई है शेष केंद्रों में खरीदी को लेकर इंतजार बना हुआ है। दिसंबर के पहले सप्ताह से खरीदी में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। धान खरीदी के साथ ही भुगतान की प्रक्रिया भी तत्काल की जा रही है।

जिले में धान खरीदी की शुरुआत शासन द्वारा निर्धारित तिथि से हो चुकी थी। पहले दिन 2 केंद्रों से 40 क्विंटल ही धान की खरीदी हुई। 9 दिन में 11 केंद्रों में ही अब तक धान खरीदा गया है जबकि 65 उपार्जन केंद्र जिले में है। खरीदी के पूर्व समिति कर्मचारियों के हड़ताल से कई केंद्रों में तैयारियों को झटका लगा था वहीं दूसरी ओर फड़ प्रभारी और डाटा एंट्री ऑपरेटरों के हड़ताल से खरीदी प्रभावित हुई है। कई डाटा एंट्री ऑपरेटर ऐसे हैं जिनका स्थानांतरण एक ब्लॉक से दूसरे ब्लॉक किया गया है। जिस तरह से स्थानांतरण किया गया है उससे 40 से 50 किलोमीटर दूर डाटा एंट्री ऑपरेटर भेजे गए हैं। ऐसे में खरीदी का कार्य प्रभावित होना लाजमी है। हालांकि प्रशासन ने कुछ डाटा एंट्री ऑपरेटरों के स्थानांतरण आदेश में संशोधन की भी प्रक्रिया शुरु की है किंतु फड़ प्रभारियों के स्थानांतरण में किसी भी तरह से संशोधन से इंकार कर दिया है।

#### दूर की खरीदी केंद्रों में अभी भी नहीं पहुंचा धान

जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में स्थापित धान खरीदी केंद्रों में अभी भी धान नहीं पहुंचा है। जिन केंद्रों में धान पहुंचा है उनमें उतरदा, केरवाद्वारी, तुमान, निरधी, पाली, बक्साही, पोड़ी, भैसमा, रामपुर, सोनपुरी, नोनबिर्रा शामिल हैं। इन केंद्रों से कुल 1491 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। धान बेचने वाले किसानों को भुगतान भी त्वरित किया जा रहा है। ऑनलाइन टोकन काटने की प्रक्रिया भी तेज हो गई है। जिससे खरीदी में दिसंबर महीने से तेजी आने की संभावना जताई जा रही है।

#### धान रखने समिति में जगह का संकट



आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के प्रबंधकों एवं कर्मचारियों के हड़ताल तथा जगह के अभाव के कारण चैतमा में धान खरीदी अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ था। अब प्रबंधकों एवं कर्मचारी के हड़ताल से वापस आने एवं ग्राम पंचायत गोपालपुर में जगह मिल जाने के कारण पाली विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत गोपालपुर में धान खरीदी की जाएगी। इस वर्ष किसानों द्वारा अभी तक टोकन नई कटवाया गया है। टोकन काटते ही किसानों द्वारा लिए गए धान की खरीदी शुरू हो जाएगी।

#### धान बिक्री से परिवार की जरूरत हो रही पूरी

पाली ब्लॉक के अंतिम छोर से लगे ग्राम सिस की कृषक मंगली बाई इस वर्ष होने वाली धान खरीदी को लेकर विशेष उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि उनके परिवार के सभी सदस्य खेती-किसानी के कार्यों में मिल-जुलकर सहयोग करते हैं। परिवार के सदस्य प्रदीप कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष समर्थन मूल्य पर लगभग 102 क्विंटल धान की बिक्री कर परिवार को अच्छी आमदनी हुई थी। समय पर मिले भुगतान ने खेती को मजबूती देने के साथ ही परिवार की आर्थिक स्थिति को भी स्थिर किया। इस समय खेतों में धान कटाई के कार्य जारी हैं और मंगली बाई अपने परिवार के साथ फसल का मूल्यांकन कर रही हैं। घर के आंगन में मिंजाई का काम चल रहा है और पूरे परिवार के चेहरों पर इस वर्ष की खरीदी को लेकर नई उम्मीदें दिखाई दे रही हैं। मंगली बाई ने बताया कि पिछले वर्ष समय पर भुगतान मिलने से उन्होंने खेती के लिए बेहतर बीज, खाद और अन्य आवश्यक कृषि सामग्री खरीद पाईं। साथ ही परिवार की दैनिक जरूरतें भी आसानी से पूरी हो सकीं।

# मोटर साइकिल सवार की पिटाई, अस्पताल में दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवक मोटर सायकल में सवार होकर किसी काम से पड़ोसी जिला गया हुआ था वहां से काम निपटाकर वापस आ रहा था कि युवक का रास्ता रोककर उसकी बेरहमी से पिटाई कर उसके साथ लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया है। युवक को गंभीरावस्था में मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार चल रहा है।

**खास बात**

- युवक के साथ हुई लूटपाट की घटना

जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मोतीसागरपारा निवासी प्रीतेश मिर्जा उम्र 24 साल पिता सोहन मिर्जा शनिवार को अपने मोटर साइकिल में सवार होकर पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा के पंतोरा गया हुआ था वहां से शाम 5.30 बजे कोरबा आ रहा था कि उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तरदा के समीप पहुंचा था कि कुछ युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया और उससे पैसे की डिमांड की जब उसने पैसा देने से इनकार कर दिया तो उसके साथ मारपीट की घटना की अंजाम दिया और पर्स और मोबाइल को लूटकर फरार हो गये। इस दौरान मारपीट की वजह से मौके पर ही गश खाकर गिर गया। कुछ देर बाद जब वह होश में आया तो वह अपनी मोटर साइकिल उठाकर सीधा उरगा टोल प्लाजा के पास पहुंचा और वहां मौजूद सुरक्षा कर्मी का मोबाइल लेकर इसकी सूचना उसने अपने भाई को दी। जिसके उपरांत उसे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया है। फिलहाल जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा।

# छात्र के अपहरण की कोशिश, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ओमपुर निवासी उप सरपंच पूनम चौरसिया पति कौशल चौरसिया ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि उसका पुत्र ईशांत कुमार चौरसिया निर्मला इंग्लिश मिडियम स्कूल कोसाबाड़ी में कक्षा 8वीं का छात्र है। बताया जाता है कि पिछले एक माह से स्कूटी वाहन में एक युवक सवार होकर वहां पहुंचता था और उसके पुत्र को अपने साथ ले जाकर उसे धमकी भी देता था और उसके दोस्तों के कारनामों के वीडियो को लेकर उनके परिजनों को बताने की धमकी भी देता था और उससे पैसों की मांग करता था। एक दिन उसे जबरजस्ती अपनी जुपीटर गाड़ी में बैठाकर ले जा रहा था लेकिन वह अपने मनशुबों पर कामयाब नहीं हुआ और अपने गाड़ी से उतर गया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# बुधवारी बाजार के समीप शुरु होगा मीना बाजार, फिर लगेगा सड़क पर जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बुधवारी बाजार में सड़क में खड़े वाहन।

बुधवारी बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था पहले से ही चरमराई हुई है। सड़क में दो पहिया और चार पहिया वाहनों के खड़े होने से जाम की स्थिति बनी रहती है और बुधवारी बाजार के ही समीप सर्कस मैदान में मीना बाजार लगाने की तैयारी चल रही है। इससे क्षेत्र की जाम की समस्या फिर से बढ़ जाएगी। जिनके निराकरण को लेकर कोई स्थायी विकल्प नहीं निकल सका है।

**खास बात**

- जाम से बढ़ रही है जैन मंदिर से महाराणा प्रताप चौक की समस्या

औद्योगिक शहर होने के कारण भारी वाहनों का आना जाना लगा है। शहर में भी मालवाहक वाहन घूमते रहते हैं, जिससे कई स्थानों में इनकी ही वजह से जाम लगता है। बुधवारी बाजार शहर का एक ऐसा क्षेत्र है जहां हर दिन वाहनों के जाम की स्थिति का सामना शहरवासियों को करना पड़ता है। बुधवार के दिन स्थिति और भी जटील हो जाती है जब बाजार में खरीदारी करने पहुंचे लोगों के द्वारा सड़क में ही अपने वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है। जैन मंदिर चौक से लेकर महाराणा प्रताप चौक तक की स्थिति वाहनों के खड़े होने के कारण जाम जैसे हो जाती है और अब बुधवारी बाजार के ठीक 20 मीटर की दूरी पर सड़क के दूसरी ओर सर्कस मैदान में मीना बाजार लगाने की अनुमति निगम के द्वारा दी गई है। इससे जाम की स्थिति और बढ़ेगी। मीना बाजार आने वाले ग्राहकों के द्वारा भी अपने वाहनों को बाजार के समीप ही सड़क के किनारे खड़ा किया जाएगा। सड़क के बीचों बीच महाराणा प्रताप की मूर्ती है और दोनों ओर सड़क के किनारे गुमटिया चल रही है।

#### नहीं हटायी जा रही स्थायी गुमटिया

रिकांडो चौक से लेकर घंटाघर चौक तक अस्थायी गुमटियों के अलावा स्थायी गुमटिया भी लग चुकी है। जब कभी किसी व्हीआईपी का शहर में आगमन होता है तो अस्थायी गुमटिया हटा दी जाती है लेकिन स्थायी गुमटिया अपने ही स्थान पर संचालित होती रहती है। ऐसी गुमटियों को हटाने के सबंध में कोई बड़ी पहल नहीं होने के कारण स्थितियां बिगड़ती जा रही है। महाराणा प्रताप चौक से सिसोदिया क्लीनिक तक एक स्थायी कपड़ा मार्केट की गुमटिया लग गई है जो बीते लंबे समय से चलने के कारण स्थायी हो चुकी है। इनकी वजह से सड़क दोनों ओर सकरी हो चुकी है। जिस रिकार्डो रोड से कभी दो वाहन एक साथ निकल सकते थे, आज दो वाहनों के निकलने पर हादसे हो जाते हैं। यही स्थिति घंटाघर चौक की है जहां फुटपाथ में मोबाइल बेचने वालों से लेकर फूल बेचने वालों का कब्जा हो चुका है, यह भी नहीं हटाये जाते।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** (1) चन्द्रकला पटेल पिता\पति-परस राम पटेल पता - गोपिया पारा पुरानी बस्ती, (2) कान्त तिवारी पिता\पति- स्व.राम कृष्ण तिवारी पता - 248 समता कॉलोनी रायपुर, (3) तम्मंत पटेल पिता\पति लक्ष्मीकान्त पटेल पता – रायपुर, (4) भारती चंद्राकर पिता\पति दीपक चंद्राकर पता - शिव विहार कॉलोनी संतोषी नगर रायपुर, (5) अनिल जनबंधु पिता\पति-स्व. कुंडलिक जनबंधु पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, (6) लक्ष्मीकान्त वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता - रायपुरा रायपुर ,(7) चन्द्रकला पिता\पति संतोष कुमार साहू पता - कुरूद रावाभाटा बिरगांव , (8) पुलकित कुमार साहू पिता\पति पवन कुमार साहू पता - शहीद नगर बिरगांव, (9) सूर्यकांत साठे पिता\पति -प्रकाश राव साठे पता - अश्वनी नगर रायपुर, (10) लोकेश कुमार वर्मा पिता\पति-हेमू राम वर्मा पता - तरपोंगी रायपुर, (11) पार्थिव धुवारे पिता\पति ओम प्रकाश धुवारे पता- इंद्रा नगर भिलाई, (12) निशा यादव पिता\पति केशव यादव पता- प्रेम नगर सिकोलाभाठा दुर्ग, (13) रौनक सिंह राजपूत पिता\पति युवराज सिंह राजपूत पता-दुर्गा चौक दीपक किराना स्टोर शंकर नगर दुर्ग, (14) हर्ष राजपूत पिता\पति कौशल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, (15) वेदांश तम्बोली पिता\पति खुशाल तम्बोली पता - गणेश पान मंदिर इंदिरा मार्केट, (16) चेतन देवांगन पिता\पति ओम प्रकाश देवांगन पता-गायत्री मंदिर दुर्ग, (17) राकेश कुमार यादव पिता\पति राजू यादव पता- गणेश चौक ए.सी.सी. जामुल, (18) आशीष शर्मा पिता\पति राजेंद्र शर्मा पता-बापू नगर खुर्शिपार भिलाई, (19) पोषण देवांगन पिता\पति कमलबी देवांगन पता- खुर्शिपार भिलाई, (20) नीमा साहू पिता\पति केशव साहू पता - सेलूद भिलाई , (21) हेमलता साह पिता\पति दाऊ लाल साहू पता - बेलर, (22) आदित्य यदु पिता\पति आनंद मधु यदु पता- छाती धमतरी, (23) लोकेश कुमार उपाध्याय पिता\पति स्व. राधे प्रसाद उपाध्याय पता- आमा तालाब रोड गौरा चौरा के पास धमतरी, (24) पारख प्रकाश साहू पिता\पति फल्लेश साहू पता-बोडरा स धमतरी, (25) रोहित तिवारी पिता\पति राधेश्याम तिवारी पता -राजनादगांव, (26) साधना ठाकुर पिता\पति केसव सिंह पता-डोंगरगढ़, (27) हेजल साहु पिता\पति मेषकुमार साहु पता - टेड़ेसरा, (28) शोभा राम देवांगन पिता\पति सेवा राम देवांगन पता-बेमेतरा, (29) अनिषा भगत पिता\पति धनमोहन भगत पता-जेल लाइन कांकेर, (30) डीपेश कुमार सेन पिता\पति गौकरण कुमार सेन पता-नवागांव, (31) मिनाक्षी सुधाकर वाकचौके पिता\पति सुधाकर वाकचौके पता-शांति नगर जगदलपुर, (32) शकीला परवीन पिता\पति मोहम्मद परवीन पता-रायपुर(पिथोरा), (33) प्रीति साहू, पिता\पति राम साहू पता-कवर्धा, (34) अखिलेश कुमार यादव पिता\पति सोहनलाल यादव पता-सिविल लाइन षष्ठी मंदिर के पास, (35) भगवती प्रसाद पिता\पति रामचरण प्रसाद पता-कोंडागांव। **बिलासपुर संस्करण -** (36) अनंदिता सूर्यवंशी, पिता का नाम अशोक सूर्यवंशी पता-राजीव गांधी चौक जरहाभाठा बिलासपुर, (37) काब्या पटेल, पिता- मोहन पटेल पता- छोटी कोनी बिलासपुर, (38) अशोक कुमार देवांगन, पिता- केदारनाथ देवांगन, पता – कुम्हारपारा करबला रोड, बिलासपुर (39) अपूर्वा कौशिक पिता- दिलीप कौशिक पता-यदुनंदन नगर तिफरा, बिलासपुर (40) आयुष्मान मिश्रा, पिता - केशव कुमार मिश्रा पता– राजकिशोर नगर, – बिलासपुर (41) केदार नाथ श्रीवास, पिता–बहोरन लाल श्रीवास, – बिलासपुर पता - महिर्ष स्कूल रोड मंगला बिलासपुर, (42) मंजू बंजारे, पिता– संतोष कुमार बंजारे पता - मिनी माता नगर तेलीपारा बिलासपुर, (43) सुरेखा गुप्ता, पिता – स्व. रामकुमार गुप्ता पता– सरकंडा कपिल नगर बिलासपुर, (44) अशोक कुमार कौशिक पिता– स्व.श्री बी.आर.कौशिक, पता – ओम नगर जरहाभाठा बिलासपुर, (45) इरम परवीन, पिता– शेख शरीफ, पता बिलासपुर कुदुदण्ड, (46) किशोर कुमार त्रिवेदी पिता–स्व.ए.के.त्रिवेदी, पता – बिलासपुर, (47) श्रीमती रानी मिश्रा, पिता–स्व.सुधीर चंद्र मंडल, पता – फ्रेंड्स रेसीडेंसी सरकंडा, बिलासपुर, (48) प्राची गंधर्व, पिता– कृष्णा गंधर्व, पता- न्यूज़ सरकंडा जबरापारा, बिलासपुर (49) नवीन पटेल, पिता–भैयाराम पटेल, पता – अभिषेक बिहार फेस-2 मंगला, बिलासपुर (50) नारद कुमार विश्वकर्मा, पिता– श्री राम सिंह, पता – नूतन चौक बिलासपुर, (51) दुष्यंत देवांगन, पिता–हरनारायण देवांगन, पता – मातृ छाया होस्टल बिलासपुर, (52) राजकुमार खरे पिता– स्व.मुन्नालाल खरे पता – साईं बिहार कॉलोनी मोपका, बिलासपुर (53) कल्याणी साहू पिता–जगदेव साहू पता – सकरी, बिलासपुर (54) सोम्य साहू, पिता– दीपक कुमार पता – सकरी, बिलासपुर (55) धनीराम टंडन पिता–स्व.बजारू टंडन पता – तालापारा बिलासपुर, (56) चित्रलेखा यादव, श्री श्यामलाल यादव, पता – शांति नगर सकरी, बिलासपुर (57) शाजी थामस पिता– स्व.सी.पी.थॉमस पता – बिलासपुर, (58) गुंजन साहू, पिता–दिलेश कुमार साहू, पता हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी परसदा, जिला–बिलासपुर। **भोपाल संस्करण -** (59) समिक्षा जैन पिता\पति सुभाष जैन पता-बैरसिया, (60) आयशा बी पिता\पति मुईन पता- बैरसिया, (61) चरण सिंह पिता\पति रामनारायण पता- मकान नं 13 ग्राम चंदेरी बैरसिया रोड, (62) नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगरकरोदभोपाल, (63) ज्योति बंजारा पिता\पति विजय सिंह पता-बंजारा बड़ी उकावद गुना, (64) अमिता पिता\पति उदित गौर पता-वार्ड न 17 तवा कॉलोनी हरदा, (65) साधना गौर पिता\पति रविशंकर गौर पता- तवा कॉलोनी हरदा, (66) विराज घाटे पिता\पति कपिल घाटे जोशी कॉलोनी हरदा, **जबलपुर संस्करण -** (67) आस्था अग्रवाल पिता\पति विजय अग्रवाल पता-कांचघर चौक संजय गांधी बोर्ड घमापुर, (68) हर्ष नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (69) राजेंद्र सोनकर पिता\पति नारायण प्रसाद सोनकर पता-मोहनी होम्स बिलहरी, (70) मान्यता अहिरवार पिता\पति राजेंद्र अहिरवार पता-ग्वारीघाट रोड, (71) यश नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (72) अंजना नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पंडित नेहरू वार्ड क्रमांक 8 बाजार मोहल्ला पाटन, (73) वंश यादव पिता\पति राजेश यादव पता-गुरु मोहल्ला पाटन जबलपुर, (74) मयंक मेहरा पिता\पति मिथिलेश कुमार पता-मेहरा पाटन।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डीएमएफ से बढ़ी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




मेडिकल कॉलेज में तैयार किया गया हमर लैब।

जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए डीएमएफ (जिला खनिज न्यास) फंड से मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल में तेजी से आधुनिक सुविधाएं जोड़ी जा रही हैं। स्वास्थ्य सेवाओं में यह विस्तार जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। पहले जिन जांचों के लिए मरीजों को निजी संस्थानों का सहारा लेना पड़ता था, अब वे सभी जांच जिला अस्पताल में उपलब्ध हैं।

विशेष रूप से सोनोग्राफी, नेत्र परीक्षण और रक्त संबंधी विशेष जांचों को और अधिक उन्नत एवं विस्तारित किया गया है। इससे आम जनता को समय और धन दोनों की बचत हो रही है। जिला मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल प्रबंधन ने बताया है कि डीएमएफ फंड से नए उपकरण, मशीनें और आवश्यक तकनीकें स्थापित की जा रही हैं, जिससे जांचों की सटीकता और गति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को सबसे अधिक लाभ मिल रहा है, क्योंकि अब उन्हें गुणवत्तापूर्ण जांचें निःशुल्क या न्यूनतम खर्च में प्राप्त हो रही हैं। स्थानीय नागरिकों ने डीएमएफ फंड के इस उपयोग को सराहनीय बताया और कहा है कि इससे जिले की स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है। प्रशासन का कहना है कि आगे भी कई महत्त्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं को जोड़े जाने की योजना है, जिससे जिले को पूर्णतः आधुनिक और सुलभ चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके।

**खबर संक्षेप**

### ट्रेन से कटकर युवक ने की खुदकुशी

**बिलासपुर।** ट्रेनर एक युवक ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस जांच में जुट गई है। बिल्हा टीआई उमेश साहू ने बताया, शनिवार की रात भैंसबोड़ निवासी आशीष मनहर 19 साल ने भैसबोड व दगौरी के बीच में ट्रेन के सामने कूद गया। जिससे उसकी कटककर मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### खेलते समय पानी टंकी में गिरकर बच्ची की मौत

**बिलासपुर।** खेलते खेलते पानी टंकी में गिरकर बच्ची की मौत हो गई है। कोटा थाना के प्रधार आरक्षक प्रकाशचंद दुबे ने बताया, अमने निवासी सरस्वती वैष्णव अपने पति कल्याणदास वैष्णव को छोड़कर तीन बच्चों के साथ मायके में अपने भाई के घर में रह रही है। शनिवार की शाम 4 बजे उनकी छोटी बेटी पारूल वैष्णव 3 साल घर के बाहर खेल रही थी। घर में 4 फीट का पानी की टंकी बनी हुई है। उसके बगल में गिट्टी को ढेर रखा हुआ है। काफी समय तक वह नहीं दिखी तो घरवाले खोजबीन करने लगे। पानी टंकी के पास उसका चप्पल देखकर घरवाले टंकी के अंदर खोजे तो वह पानी में डूबी मिली। आनन फानन में परिजन उसे टंकी से उसे बाहर निकालकर कोटा अस्पताल लेकर गए, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। रविवार को पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

### पत्रकार से गाली गलौज कर मारपीट, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के दौरान विवाद होने पर पत्रकार के साथ दो युवकों ने मारपीट कर पत्थर से हमला कर दिया। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। रतनपुर थाना प्रभारी कमलेश बंजारे ने बताया, पुरातत्व विभाग के द्वारा क्षेत्र में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को शाम 5 बजे ओछिनापारा निवासी कार्यक्रम का प्रचार प्रसार कर रहे थे। इसी दौरान ओछिनापारा मुख्यमार्ग में उनका पत्रकार शिवमोहन बघेल के साथ उनका किसी बात को लेकर विवाद हो गया। दोनों युवकों ने शिव मोहन बघेल के साथ मारपीट करते हुए पत्थर से हमला कर जख्मी कर दिया। पुलिस ने शिव मोहन बघेल की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### घर से पकड़ा गया स्थायी वारंटी

**बिलासपुर।** रेलवे सुरक्षा बल ने न्यायालय के आदेश पर रेलवे एक्ट के स्थायी वारंटी को उसके निवास से पकड़कर कोर्ट में पेश कर दिया है। जानकारी के अनुसार न्यू लोको कालोनी सिरगिट्टी निवासी पी श्रीनिवास राव पिता पप्पू मशेनू 45 साल रेलवे एक्ट की धारा 143 का आरोपी था, जिसे रेलवे न्यायालय में पेश किया गया था। पी श्रीनिवास न्यायालय में अनुपस्थित रहता था, जिसे देखते हुए उसके खिलाफ स्थायी वारंट जारी कर तत्काल गिरफ्तार करने का आदेश दिया गया था। मुखबिर की सूचना मिलने पर बिलासपुर आरपीएफ पोस्ट के प्रभारी निरीक्षक नंद बहादुर के मार्गदर्शन में सहायक उपनिरीक्षक बीएस पटेल, आरक्षक बीडी राज ने उसके निवास में छापामार कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

**बिना प्रचार-प्रसार कैसे पूरा होगा सस्ते आवास का सपना?** नियम की कोई जानकारी नहीं, कहा-राजपत्र पढ़ें सब लिखा है

# सरकार के अफोर्डेबल हाउसिंग कांसेप्ट से टाउन प्लानिंग कन्फ्यूज

**बिलासपुर।** आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को किफायती दरों पर भूखंड एवं आवास उपलब्ध कराने सरकार द्वारा अफोर्डेबल हाउसिंग कांसेप्ट तो लाया गया है, लेकिन इसकी सही जानकारी टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग को ही नहीं है। छत्तीसगढ़ जन आवास नियम 2025 पुराने नियमों से कैसे भिन्न है? और इस नियम के लागू होने के बाद लोगों को सस्ते आवास कैसे उपलब्ध हो सकेंगे? इस बारे में विभाग के प्रभारी संयुक्त संचालक ही नहीं बता पा रहे हैं।

सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को भी सस्ता भूखंड एवं आवास मुहैया कराने के लिए भले ही छत्तीसगढ़ जन आवास नियम 2025 लागू कर दिया है, लेकिन कालोनाइजरों को इस नियम की सही और सटीक जानकारी



देकर जनता को लाभांवित कर पाने वाले अधिकारी ही सरकार की महत्वाकांक्षी योजना की मिट्टी पलीत कर रहे हैं। शासन द्वारा जारी नए नियम पुराने नियमों से किस तरह भिन्न है? इस बात की जानकारी टाऊन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग में पदस्थ अधिकारियों को ही नहीं है। शायद यही कारण है कि इस संबंध में पूछने पर अक्टूबर 2025 में छत्तीसगढ़ के राजपत्र में प्रकाशित नियमों को पढ़ लेने की बात कही जा रही है। विभाग के अनुसार इस नियम के लागू होने के बाद पतासाजी के लिए कॉलोनाईजरों का लगातार विभाग में आना हो रहा है, लेकिन नए नियमों के अंतर्गत स्वीकृति के लिए आज दिनांक तक एक भी आवेदन कॉलोनाईजरों द्वारा प्रस्तुत नहीं किए गए हैं। शासन द्वारा प्रारंभ की गई इतनी महत्वाकांक्षी योजना का समुचित प्रचार-प्रसार के अभाव में दम तोड़ने जैसी स्थिति है। नया नियम आम लोगों को किन कारणों से सस्ता भूखंड या आवास उपलब्ध करा पाएगा जब तक अधिकारी इस बात की जानकारी कॉलोनाईजरों एवं आम जनमानस को नहीं देंगे तब तक यह नियम केवल फाईलों तक ही सीमित रह जाएगा।

### नए नियम में ईडब्ल्यूएस का कोई उल्लेख नहीं

शासन द्वारा जारी नए नियम में कॉलोनाईजर को पहले की तरह ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए जगह छोड़नी है या नहीं इसका कोई उल्लेख नहीं किया गया है। ऐसे में कॉलोनाईजर कंफ्यूज हैं, जिससे इसकी टाऊन प्लानिंग विभाग में जाकर इसकी पतासाजी कर रहे हैं। आश्चर्यजनक बात यह है कि कॉलोनाईजरों को भी राजपत्र में सब कुछ लिखा होने की बात कहते हुए चलता कर दिया जा रहा है।

### सारा अधिकार संचालक को

नए नियम के अंतर्गत कॉलोनी विकसित करने संबंधी आवेदन प्रस्तुत करने के लिए संचालक नगर तथा ग्राम निवेश छत्तीसगढ़ को अधिकृत किया गया है। इसके लिए जिला स्तर पर स्थापित कार्यालय से किसी भी तरह की अनुमति या अनुशंसा की फिलहाल कोई जरूरत नहीं होगी।

### बनाए जा चुके हैं नियम

शासन द्वारा निम्न एवं मध्यम वर्ग के लोगों को उनके बजट में भूखंड एवं आवास उपलब्ध कराने अफोर्डेबल हाउसिंग का कांसेप्ट लाया गया है। इसके नियम भी बनाए जा चुके हैं। विस्तृत जानकारी टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

**-संजय अग्रवाल**, कलेक्टर

### राजपत्र में सब लिखा है

राजपत्र में नियमों का प्रकाशन हो चुका है। इसमें सब लिखा है। विस्तृत जानकारी के लिए राजपत्र को पढ़ा जा सकता है।

**-भानु प्रताप सिंह पटेल**, प्रभारी संयुक्त संचालक, ग्राम तथा नगर निवेश

नाराज उम्मीदवारों ने कोआर्डिनेटर को घेरा, भेदभाव का आरोप लगाया

# हैंडपंप टेक्नीशियन परीक्षा में हंगामा, एक दो मिनट की देरी पर नहीं दिया गया प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हैंडपंप टेक्नीशियन परीक्षा के दौरान रविवार को शहर के कई परीक्षा सेंटरों में जमकर हंगामा हुआ। एक दो मिनट की देरी पर उम्मीदवारों को सेंटर में प्रवेश नहीं दिया गया। इसे लेकर विवाद की स्थिति बनती रही।

खास तौर पर देवकीनंदन स्कूल सेंटर पर अधिक विवाद हुआ। निर्धारित समय के बाद पहुंचने वाले परीक्षार्थियों को प्रवेश नहीं दिया गया, जिसके बाद उन्होंने व्यापमं के कोआर्डिनेटर को घेर लिया और परीक्षा हॉल में प्रवेश देने की मांग की। परीक्षार्थियों का आरोप था कि जब एक परीक्षार्थी जो बाहर घूम रहा था उसे प्रवेश दे दिया गया, तो कुछ देरी से आने वाले अन्य परीक्षार्थियों के लिए गेट बंद क्यों किया गया। उन्होंने इसे भेदभाव बताया। स्कूल प्रबंधन के मुताबिक एक छात्र अपना रोल नंबर ढूंढ रहा था उसे ही प्रवेश दिया गया। व्यापमं के कोआर्डिनेटर डॉ. प्रवीण कुमार पांडेय के मुताबिक वे देवकीनंदन सेंटर में वह 10.50 बजे पहुंचे तो उन्हें गेट के बाहर कुछ परीक्षार्थी खड़े दिखे। य लोग परीक्षा केंद्र में प्रवेश देने की मांग कर रहे थे, लेकिन गेट बंद हो चुका था, इसलिए उन्हें अंदर प्रवेश नहीं दिया गया। गौरतलब है कि हैंडपंप टेक्नीशियन परीक्षा के लिए व्यापमं की ओर से जारी निर्देशिका में ड्रेस कोड से लेकर सुबह 10:30 बजे से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने सहित 15 बिंदुओं पर सख्त निर्देश दिए गए थे। व्यापमं के नोडल अधिकारी के मुताबिक देवकीनंदन स्कूल सेंटर में कुल 360 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी। इनमें से 233 परीक्षार्थी निर्धारित समय पर केंद्र पहुंचे, जबकि 127 परीक्षार्थी गैरमौजूद रहे। परीक्षा में शामिल होने के लिए अंबिकापुर और रायगढ़ जैसे दूरस्थ स्थानों से बिलासपुर पहुंचे कुछ परीक्षार्थियों ने बताया कि उन्हें प्रवेश पत्र की स्पष्ट कॉपी निकलवाने में दिक्कत हुई, जिसके कारण उन्हें दोबारा भेजा गया। इस प्रक्रिया में उन्हें एक-दो मिनट की देरी हो गई, लेकिन उन्हें प्रवेश की अनुमति नहीं मिली।



रविवारको हैंडपंप टेक्नीशियन की परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यर्थी।

### 36 प्रतिशत परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे ही नहीं

व्यापमं परीक्षा के प्रभारी और डिप्टी कलेक्टर शिव कुमार कंवर ने बताया कि हैंडपंप टेक्नीशियन पद के लिए शहर में कुल 9 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इन केंद्रों पर 3101 परीक्षार्थियों के लिए प्रवेश पत्र जारी किए गए थे, जिनमें से 1971 परीक्षार्थी ही निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचे। कुल 1130 परीक्षार्थी गैरमौजूद रहे, जो लगभग 36 प्रतिशत है। उन्होंने यह भी दावा किया कि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की अवांछित गतिविधि या गड़बड़ी की कोई शिकायत कहीं से प्राप्त नहीं हुई है।

### इन सेंटरों में आयोजित की गई परीक्षा

हैंडपंप टेक्नीशियन पद के लिए आयोजित परीक्षा जिन सेंटरों में आयोजित की गई, उनमें शासकीय जेपी वर्मा पीजी आर्ट्स एंड कॉमर्स कालेज जरहाभाठा, गवर्नमेंट बिलासा गर्ल्स पीजी कालेज लिंक रोड, देवकीनंदन दीक्षित कन्या हाई स्कूल, महारानी लक्ष्मी बाई गर्ल्स हायर सेंकेडरी स्कूल, स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट स्कूल, गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल राजेंदर नगर, हायर सेंकेंडरी स्कूल राजेंद्र नगर, सरकंडा स्कूल, पीएमश्री कन्या हाई स्कूल नूतन चौक, गवर्नमेंट स्कूल चांटीडीह स्कूल शामिल है।

# लिंगियाडीह में तोड़फोड़ का विवाद गहराया 100 से अधिक महिलाएं बैठीं धरने पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लिंगियाडीह स्थित दुर्गा नगर वार्ड क्रमांक 52 में नगर निगम द्वारा गरीब निवासियों के मकान तोड़ने की कार्रवाई को लेकर विवाद गहरा गया है। प्रभावित नागरिकों ने खास तौर पर महिलाएं इसके विरोध में उतर आईं हैं। महिलाओं ने लिंगियाडीह चौक में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। निगम और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की जा रही है।

■ **दशकों से इस क्षेत्र में रह रहीं हैं और बार-बार की तोड़फोड़ कार्रवाई ने उनके जीवन को अस्थिर बना दिया है**

महिलाओं का कहना है कि वे दशकों से इस क्षेत्र में रह रहीं हैं और बार-बार की तोड़फोड़ कार्रवाई ने उनके जीवन को अस्थिर बना दिया है। वे पिछले 50 वर्षों से लिंगियाडीह क्षेत्र में रह रहे हैं। उन्होंने अपनी मेहनत की कमाई से घर बनाए हैं, जिन पर अब निगम का बुलडोजर चल रहा है। महिलाओं ने यह भी कहा कि घर टूटेगा तो हम जिंदा नहीं बचेंगे, यह मांगे नहीं, हक है जो चाहिए। इसके लिए जहर क्यों न पीना पड़े।

धरने पर बैठीं 100 से अधिक महिलाओं के मुताबिक यह संघर्ष अब सिर्फ भूमि विवाद नहीं बल्कि अस्तित्व की लड़ाई है। महिलाओं के साथ बच्चे भी चौक पर धरना देकर बैठे हुए हैं। विरोध स्थल पर बैनर, तख्तियां, रोष भी है। धरने पर मौजूद बच्चे स्कूल बैग और किताबें गोद में रखे बैठे हैं। महिलाओं के मुताबिक पढ़ाई, भविष्य, सुरक्षा सब कुछ तबाह कर नगर निगम किसके लिए गार्डन बनाना चाह रहा है। वार्ड के कांग्रेस पार्षद दिलीप पाटिल का कहना है कि निगम का उद्देश्य विकास नहीं, बल्कि कमजोर तबके को हटाने की नीति है। ध्यान रहे कि इस बारे में कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने कलेक्टोरेट का घेराव भी किया था।



### स्थायी पट्टा मिला और ना सुरक्षा की गारंटी

यहां के लोगों ने बताया कि यह भूमि (लगभग 2.46 एकड़) पहले ही आबादी भूमि घोषित की जा चुकी थी। 2019 में छत्तीसगढ़ सरकार ने निर्णय लिया था कि निगम की भूमि पर बसे नागरिकों को पट्टा दिया जाएगा। इसके बाद भूमि का सर्वे हुआ और अतिरिक्त तहसीलदार ने पट्टाधारियों की सूची तैयार की। लोगों ने 10 रुपए प्रति वर्गफुट के हिसाब से प्रीमियम राशि भी निगम को जमा की। इसके बावजूद, न तो उन्हें स्थायी पट्टा मिला और न ही सुरक्षा की गारंटी। उल्टे अब निगम तोड़फोड़ की कार्रवाई कर रहा है। निवासियों का आरोप है कि नगर निगम अब तक 113 मकानों को तोड़ चुका है, और हाल में पार्क और कॉम्प्लेक्स बनाने के नाम पर नई कार्रवाई शुरू की गई है। इससे पहले भी लगभग चार माह पूर्व सड़क चौड़ीकरण के नाम पर भी 150 से अधिक मकान और दुकानें तोड़ी गई थीं, लेकिन उस स्थल पर आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ।

### मकान तोड़ने पर रोक लगाने की मांग

धरने पर बैठीं महिलाओं ने बताया कि इन कार्रवाइयों से गरीब परिवारों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति बुरी तरह प्रभावित हुई है। कई लोग आज भी अस्थायी झोपड़ियों में रहने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि प्रशासन हर महीनों में नए नाम से कुछ ना कुछ कार्रवाई की जा रही है। कभी सड़क चौड़ीकरण, कभी नाली निर्माण, कभी कॉम्प्लेक्स या पार्क विकास के नाम पर जीना हराम कर दिया गया है। इससे पूरे क्षेत्र में असमंजस और भय का माहौल बना हुआ है। कलेक्टर और निगम कमिश्नर को सौंपे ज्ञापन में स्थानीय निवासियों ने दो प्रमुख मांगें रखी हैं। इसमें प्रस्तावित मकान तोड़ने की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाई जाए और पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और निर्दोष गरीब परिवारों को राहत मिल सके।

# चार पहिया वाहन खराब होने से उसलापुर ब्रिज पर जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रविवार को दोपहर में चार पहिया वाहन खराब होने से उसलापुर ब्रिज पर जाम लग गया। दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई और एम्बुलेंस फंस गया। काफी मशक्कत के बाद खराब गाड़ी को हटाने के बाद आवागमन सामान्य हो पाया है।

■ **ब्रिज में फंसे एम्बुलेंस को मशक्कत के बाद हटाया गया**

उसलापुर - सकरी रोड़ में ट्रैफिक का दबाव अधिक बढ़ गया है। रविवार को छुट्टी के दिन सुबह से ट्रैफिक का दबाव है। लोग परिवार के साथ वाहनों से पिकनिक मनाने कोटा रोड की ओर जाते हैं। ट्रैफिक के दबाव के बीच दोपहर 12 बजे अचानक उसलापुर ब्रिज पर एक चार पहिया वाहन खराब होकर खड़ा हो गया। उसके बाद दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। जाम में मरीज लेकर जा रहा एम्बुलेंस भी फंस गया। दोपहिया वाहन वाले किसी तरह फुटपाथ पर गाड़ी चलाकर निकलने लगे। भारी मशक्कत के बाद लोगों के द्वारा खराब चार पहिया वाहन को सड़क किनारे किया गया। उसके बाद आवागमन सामान्य हो पाया है। ज्ञात हो कि संकरा ब्रिज में ट्रैफिक का दबाव अधिक होने से आए दिन जाम लगता रहता है और लोगों को जाम में फंसकर हलाकान होना पड़ता है। आलम यह है कि जाम लगने पर दूर दूर तक ट्रैफिक के अधिकारी व जवान नजर नहीं आते हैं। यह नजारा केवल एक दिन की नहीं आए दिन इस समस्या से लोगों को दोचार होना पड़ता है। जाम की स्थिति हमेशा बनी रहती है, इसके बाद भी प्रशासन आंख मूंद कर बैठी है।




मरीज को लेकर जा रही एंबुलेस उसलापुर ब्रिज पर खराब, लगा जाम।

# दिल्लीआईएएस एकेडमी का विद्यार्थी सीजीपीएसी में टॉपर, हुए सम्मानित

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग परीक्षा 2024 जिसका परिणाम 2025 में जारी हुआ है। जहां दिल्ली आईएएस के विद्यार्थियों ने कुल 246 पदों में से 149 पदों पर सफलता प्राप्त कर नया इतिहास रच दिया है। छत्तीसगढ़ के इतिहास में यह पहली बार है कि किसी संस्थान से इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इसमें उल्लेखनीय बात यह है कि इस परीक्षा के टॉपर देवेश प्रसाद साहू इस संस्थान के क्लासरूम प्रोग्राम के नियमित छात्र रहे हैं जिन्होंने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्थान को गौरवान्वित किया है।

संस्थान में अपने परिणामों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करते हुए बताया है कि चयनित 149 विद्यार्थियों में से 85 विद्यार्थी ऑफलाइन क्लासरूम प्रोग्राम से चुने गये हैं। जिन्होंने पिछले 3 बैचों में अध्ययन कर सफलता प्राप्त की है। शेष विद्यार्थी संस्थान के टेस्ट सीरीज कार्यक्रम और साक्षात्कार कार्यक्रम में शामिल हुए थे। चयनित विद्यार्थियों और उनके परिवार को सम्मानित करने के लिए संस्थान में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के हजारों विद्यार्थियों द्वारा चयनित छात्रों का तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत और सम्मान किया। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ टॉपर डिप्टी कलेक्टर देवेश प्रसाद साहू, डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित मयंक मंडावी और चंचल पैंकरा उपस्थित थे।



### प्री एवं मेन्स के लिए विशेष मेंटरशिप प्रोग्राम शुरू होगी

आज के इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित संस्थान की मुख्य निदेशक विद्या चतुर्वेदी जी ने कहा कि संस्था बच्चों के शिक्षा एवं उनके शारीरिक मानसिक संतुलन को बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है आगे इसे और बेहतर करने के लिए नए नए प्रयास किए जाएंगे ताकि परिणाम और भी बेहतर आ सके जिससे प्रदेश में बच्चों और पालकों का विश्वास पर हम खरा उतर सके। संस्थान ने घोषणा की है कि वह रेगुलर बैच के साथ-साथ प्री एवं मेन्स के लिए विशेष मेंटरशिप प्रोग्राम शुरू कर रहा है जिसमें विद्यार्थियों को संस्थान में ही 6 से 8 घण्टे अभ्यास करवाकर सफलता सुनिश्चित की जा सके। प्रथम दस स्थानों में संस्थान से सात छात्र शामिल है।

# साइबर सेल के दो आरक्षकों का बयान दर्ज

**बिलासपुर।** ढाई करोड़ रुपए लेनदेन के मामले में साइबर सेल से बिना अपराध दर्ज हुए फरार युवक का मोबाइल लोकेशन दूसरे पक्ष को देने के मामले में जांच शुरू हो गई है। दो आरक्षकों से पूछताछ कर बयान दर्ज किया गया है।

राजनांदगांव निवासी अनिल सोनी व करबला व गांधी चौक में रहने वाले दो युवकों के साथ शहर में क्रिप्टो करंसी के नाम पर लोगों से पैसा जमा करा रहे थे। इसी बीच अनिल सोनी करीब ढाई करोड़ रुपए लेकर शहर छोड़कर भाग गया और अपना मोबाइल बंद कर लिया। दोनों युवकों ने साइबर सेल के पुलिसकर्मियों से संपर्क किया। बिना एफआईआर के अनिल सोनी का मोबाइल लोकेशन निकाल गोपनीय तरीके दे दिया गया था। उसके बाद दोनों युवकों ने अपने साथियों के साथ महासमुंद सांकरा स्थित एक लाज में क्राइम ब्रांच के सदस्य बनकर दबिश दी और उक्त व्यक्ति को उठाकर शहर लाने लगे। जानकारी मिलने पर महासमुंद पुलिस ने रायपुर के पहले सभी को पकड़ लिया था। बाद में लेनदेन का मामला निकलने पर अनिल सोनी के पिता ने रिपोर्ट नहीं लिखाई, जिससे सभी को छोड़ दिया गया था। एसएसपी के आदेश पर इस मामले की जांच की जा रही है। इस सिलसिले में सीएसपी कार्यालय में साइबर सेल के दो आरक्षकों से पूछताछ कर उनका बयान दर्ज किया गया है। वहीं अन्य पुलिसकर्मियों के बाहर होने से बयान नहीं हो पाया है।

### लोकेशन लेने वाले युवकों से होगी पूछताछ

साइबर सेल से मोबाइल लोकेशन लेने वाले दोनों युवकों की पहचान हो गई है। पुलिस दोनों युवकों को सीएसपी कार्यालय में तलब कर उनका बयान दर्ज करने की तैयारी में है। युवकों से पूछताछ में स्पष्ट हो जाएगा। गोपनीयता भंग करते हुए मोबाइल लोकेशन निकालकर किसने और किसके कहने पर और क्यों दिया था।

# युवक को पालतू कुत्ते से कटवाया, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** विवाद होने पर एक युवक ने दूसरे व्यक्ति को अपने पालतू कुत्ते से कटवाकर जख्मी कर दिया है। पुलिस ने कुत्ता मालिक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, कतियापारा निवासी सुमीत कुशवाहा पिता रामचंद्र कशवाहा 22 नवंबर की रात 9.30 बजे अपने साथी आलेक वर्मा, रिंकू देवांगनके साथ पुराना बस स्टैण्ड कबाड़ी दुकान के पास राजू साहू के पास लड़ाई झगड़ा का कारण पूछने गए थे। इसी दौरान उनका राजू साहू से विवाद हो गया और राजू साहू अपने पालतू कुत्ते को काटने के लिए उकसाने लगा। पालतू कुत्ते ने उनकी कमर के नीचे काटकर जख्मी कर दिया है। पुलिस ने सुमित की रिपोर्ट पर राजू साहू के खिलाफ बीएनएस की धारा 291 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# डीजल चोरी करते दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नेशनल हाइवे में खड़े ट्रेलर से डीजल चोरी करते स्कार्पियो सवार दो युवकों को ड्राइवरों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने गाड़ी जब्त कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

रतनपुर थाना प्रभारी कमलेश बंजारे ने बताया, परसदा निवासी सुरेन्द्र कैवर्त रात में नेशनल हाइवे खैरखुंडी में सड़क किनारे ट्रेलर खड़े कर सो गए थे। वहीं आसपास अन्य भारी वाहन खड़े हुए थे। देर रात स्कार्पियो से दो युवक आए और उनके ट्रेलर की टंकी का लाक तोड़कर पाइप डालकर डीजल चोरी करने लगे। इसी दौरान गाड़ी में सो रहे ड्राइवर को भनक लग गई। उसने अन्य गाड़ियों के ड्राइवरों के साथ मिलकर डीजल चोरी करते परसदा निवासी विजय कुमार केंवट, शनि कुमार केंवट को पकड़ लिया। उनकी स्कार्पियो क्रमांक सीजी 13 सी, 9327 में खाली डीजल के डिब्बे रखे हुए थे। उनके पास से 20 लीटर चोरी का डीजल मिला है। ड्राइवरों ने चोरी के डीजल, गाड़ी सहित दोनों युवकों को रतनपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

पुलिस ने डीजल सहित गाड़ी जब्त कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

## खबर संक्षेप



### ग्राम पंचायत हरदीबाजार में मितानीन दिवस पर मितानिनों का हुआ सम्मान

**हरदीबाजार।** प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ मितानिनों के अतुलनीय योगदान को सम्मानित करने के लिए ग्राम पंचायत हरदीबाजार में मितानीन दिवस का आयोजन किया गया। यह आयोजन मितानिनों के समर्पण सेवा भावना और सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रति उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के प्रमुख पदाधिकारियों सहित मितानिनों की सक्रिय भागीदारी रही। सरपंच लोकेश्वर कंवर ने मितानिनों को स्वास्थ्य योद्धा बताते हुए उनके अथक प्रयासों की सराहना की, उपसरपंच रेखा (रामू) जायसवाल ने मितानिनों को समाज का अभिन्न अंग बताते हुए उनसे जुड़ी चुनौतियों को कम करने के लिए पंचायत के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में सचिव बिसाहू राम, पंच मोहन खाडे, राजेनद जगत, और श्रीमती श्याम बाई समारु एवं कृष्णा की गरिमामय उपस्थिति रही। इस अवसर पर ग्राम के घर-घर तक स्वास्थ्य सुविधाओं को पहुंचाने वाली कर्तव्यनिष्ठ मितानिनों का सम्मान किया गया इनमें प्रमुख रूप से एमटी (मास्टर ट्रेनर) विमला कलिहारे मितानीनें अनुसुईया राठौर, नागेश्वरी, कदम बाई, सुकृत राठौर, अंजली यादव, निलम पटेल सहित बड़ी संख्या में मितानिन उपस्थित रहीं।

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**बांकीमोंगरा।** कटघोरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत अरदा में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना की विशेष शिविर मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, दीपका महाविद्यालय, बांकीमोंगरा महाविद्यालय द्वारा आयोजित किया गया हैं। जिसमें अरदा मंडल कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा खीर पुड़ी वितरण व शिविरार्थियों का मनोबल बढ़ाने के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित कि गई। जिसमें स्वामी विवेकानंद, पंडित जवाहरलाल नेहरू, अहिल्याबाई होलकर, रानी लक्ष्मी बाई, रानी दुर्गावती, बिलासा बाई केवटिन इन छः टोली सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भाग लिया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जिला से संबंधित व छत्तीसगढ़ से जुड़े प्रश्न पूछे गए। इस प्रश्नवाली के अंतर्गत तीन राउंड्स रखे गए। प्रश्नों को पूछा गया और जवाब न देने पर उन प्रश्नों को आगे टोली में पास किया गया। किया गया। प्रतिभागी सभी टोली को शील्ड से सम्मानित किया गया।

### हेल्थ चेकअप कैंप लगाकर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**कोरबा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल चैतमा की एनएसएस इकाई ने ग्राम पंचायत दोडकी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। एलोपैथी, आयुर्वेदिक, होमियोपैथी पद्धति से डॉक्टरों ने 256 ग्रामीणों का इलाज किया। इन्हें जरूरत अनुसार मुफ्त दवाईयां बांटी। स्वास्थ्य संबंधी उचित परामर्श भी दिया। 27 युवाओं ने रक्तदान भी किया। इन रक्तदाताओं को प्रशस्ति-पत्र देकर हेलमेट का वितरण किया। नशामुक्त समाज के लिए युवा थीम पर एनएसएस का 7 दिन शिविर के अंतिम दिन हेल्थ चेकअप कैंप में गोपाल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल कटघोरा के डॉ.गोपाल और उनकी टीम ने 70 से अधिक ग्रामीणों का इलाज किया, जो बीपी, शुगर, चर्मरोग, हड्डी रोग की समस्या से पीड़ित रहे। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. तृप्ति तिवारी, होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजेंद्र रस्तोगी, डॉ.लिलिमा शशि ने भी ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की।

युक्तियुक्तकरण के तहत शिक्षकों की अब तक हो रही पदस्थापना

# पतुरियाडांड़ हाईस्कूल में पहुंचे अंग्रेजी के व्याख्याता, सेंद्रीपाली में अब भी है इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



स्कूल में छात्रों को पढ़ाते शिक्षक।

पोड़ीउपरोड़ा ब्लॉक के अंतिम छोर पर बसे छोटे से गाँव पतुरियाडाँड़ में युक्तियुक्तकरण के तहत अंग्रेजी के व्याख्याता की पदस्थापना कर दी गई लेकिन सेंद्रीपाली हाईस्कूल के छात्रों को अब भी अंग्रेजी के व्याख्याता का इंतजार बना हुआ है।

पतुरियाडांड में हाई स्कूल खुलना किसी वरदान से कम नहीं था। वर्षों तक आसपास के गांवों के बच्चे सिर्फ इसलिए आगे की पढ़ाई से वंचित हो जाते थे क्योंकि हाई स्कूल की दूरी अधिक थी। लेकिन जब गाँव में हाई स्कूल प्रारंभ हुआ, तो यह न सिर्फ गांववासियों के लिए खुशी का क्षण था, बल्कि उन बच्चों के लिए नई उम्मीद थी जो उच्च शिक्षा का सपना मन में लिए बैठे थे। हाईस्कूल खुलने के बावजूद छात्रों के सामने एक बड़ी चुनौती थी कि अंग्रेजी विषय का नियमित शिक्षक उपलब्ध नहीं था। गांव के अधिकांश बच्चे अंग्रेजी और गणित को कठिन विषय मानते थे। अंग्रेजी शिक्षक न होने के कारण खासकर छात्राओं के सपनों पर असर पड़ने लगा था, क्योंकि इस स्कूल में उच्च शिक्षा का सपना देखने वाली अधिकांश विद्यार्थी लड़कियां ही थीं। सरकार की युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया इस विद्यालय के लिए किसी सौभाग्य की तरह साबित हुई। इसी प्रक्रिया के तहत यहाँ अंग्रेजी विषय के व्याख्याता श्री विजय कुमार राठौर की नियुक्ति हुई। व्याख्याता के रूप में उन्होंने चार-पांच महीने पहले ज्वाइनिंग दी और तभी से छात्रों के लिए अंग्रेजी का डर धीरे-धीरे कम होता गया। गांव के लोगों के चेहरे पर भी खुशी झलकती है। वर्षों से जिस योग्य शिक्षक की कमी महसूस होती थी, वह अब पूरी हो गई है। आज गांव के बच्चे अंग्रेजी में मजबूत हो रहे हैं, परीक्षा के लिए तैयार हो रहे हैं और अपने सपनों को उड़ान देने के लिए आत्मविश्वास से भर चुके हैं। छत्तीसगढ़ सरकार की युक्तियुक्तकरण नीति ने पतुरियाडाँड़ के इस विद्यालय का भविष्य ही नहीं बदला है, बल्कि उन सैकड़ों बच्चों की जिंदगी में नई रोशनी भरी है, जो कल अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

### आदेश के बाद भी नहीं शुरू हुई पढ़ाई

युक्तियुक्तकरण के तहत जून महीने में ही प्रयास स्कूल में संलग्न अंग्रेजी के व्याख्याता मोनिका राय का स्थानांतरण सेंद्रीपाली हाईस्कूल किया गया था। 5 माह हो गए उक्त व्याख्याता ने आज तक स्कूल में पढ़ाने का काम शुरू नहीं किया है, जिला शिक्षा अधिकारी की नोटिस के बाद उक्त व्याख्याता ने एक दिन स्कूल में ज्वाइनिंग देने के बाद दोबारा प्रयास स्कूल में पढ़ाने का काम शुरू कर दिया है, जबकि कलेक्टर अजीत वसंत के इस मामले में स्पष्ट निर्देश है कि युक्तियुक्तकरण के तहत जिन शिक्षकों की पदस्थापना जिस स्कूलों में हुई है उनको वहां ज्वाइनिंग देना है। अगर कोई शिक्षक ज्वाइनिंग नहीं देता है तो उनके खिलाफ वेतन रोकने जैसे कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर के इस आदेश के बाद ज्वाइनिंग नहीं देने वाले शिक्षकों के खिलाफ वेतन रोकने जैसी कार्यवाही शिक्षा विभाग के द्वारा की गई है। कई शिक्षक ऐसे हैं जिन्होंने ज्वाइनिंग नहीं है, उनका वेतन रोक दिया गया है, लेकिन सेंद्रीपाली अंग्रेजी व्याख्याता के मामले में ऐसी कोई कार्यवाही का नजर नहीं आना सवाल खड़ा करता है।

# एमएसडब्ल्यू के छात्रों ने किया अपना घर सेवा आश्रम का भ्रमण




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केएन कॉलेज के एमएसडब्ल्यू के छात्र छात्राओं ने बेबअपना घर सेवा आश्रम का भ्रमण किया। छात्रों ने समाज कार्य की मूल भावना को प्रत्यक्ष रूप से देखा और सेवा के लिए जीवन समर्पित करने वाले युवा स्वयंसेवियों की जिम्मेदारियों से भी रूबरू हुए। प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर ने बताया कि समाज कार्य में प्रोफेशनल करियर स्थापित करने के लिए सामाजिक गतिविधियों की विधि और प्रबंधन को समझना आवश्यक है। यही लक्ष्य लेकर मास्टर ऑफ सोशल वर्क (एमएसडब्ल्यू) की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से जिले में चल रहे सामाजिक सेवा के कार्यों से रूबरू कराया जा रहा है। इसी कड़ी में एमएसडब्ल्यू प्रथम वर्ष प्रथम सेमेस्टर एवं द्वितीय वर्ष तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने अपना घर सेवा आश्रम का भ्रमण किया। संस्था द्वारा संचालित आश्रय केंद्र में आश्रय पाने वालों के साथ वक्त बिताया, उनका हाल चाल जाना और उनकी देखरेख करने वाले अपना घर सेवा आश्रम के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियों को समझने का भी प्रयास किया। इस मौके पर डॉ विमला सिंह, श्रीमती कविता पटेल एवं छात्र श्रुति यादव, मुस्कान राजपूत, पूजा केंवट, गौरी नेताम, विनीता नायक, धारणा केंवट, करुणा लहरे, मेघा तिवारी, भूमिका राजपूत, पूजा कंवर, चांदनी कुमारी, करिश्मा पटेल, कुसुम पटेल, कृषम सिन्हा, लक्ष्मी बरेठ शामिल रहे।

# तानाखार ने जीता क्रिकेट प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



क्रिकेट प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला रामपुर ग्राम पंचायत व तानाखार ग्राम पंचायत के बीच खेला गया। जिसमें तानाखार की टीम ने क्रिकेट प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला जीत कर विजेता बनी। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती माधुरी देवी तंवर, जनपद अध्यक्ष पोंड़ी-उपरोड़ा उपस्थित रहीं। जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और विजेता टीम को सम्मानित किया। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं और सामाजिक एकता एवं सकारात्मक ऊर्जा को मजबूत करते हैं। मैच में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और खेल भावना का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। मैदान में मौजूद ग्रामीणजन और दर्शकों ने पूरे उत्साह के साथ खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। अंत में आयोजन समिति एवं उपस्थित सभी अतिथियों ने विजेता और उप-विजेता टीमों को बधाई देते हुए भविष्य में और भी बड़े स्तर पर ऐसे आयोजन करने की बात कही। कार्यक्रम में प्रताप सिंह मरावी सरपंच संघ अध्यक्ष पोंड़ी-उपरोड़ा, विजय दुबे पूर्व जनपद सदस्य पोंड़ी-उपरोड़ा, विष्णु यादव पूर्व मंडल अध्यक्ष पोंड़ी-उपरोड़ा, जे.पी. सिंह, शिवशंकर उइके मंडल उपाध्यक्ष, श्रीमती तीजबाई बिंझवार सरपंच ग्राम पंचायत तानाखार, साखाराम बिंझवार पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत तानाखार सहित अन्य उपस्थित थे।

### भारतीय मजदूर संघ ने चारों श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन को सराहा

**कोरबा।** भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) ने केन्द्र सरकार के ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत किया है। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लंबे समय से प्रतीक्षित चार श्रम संहिताओं को लागू किया गया है। ये संहिताएं देश के समस्त श्रमिक वर्ग को गरिमा, सुरक्षा और उन्नत कल्याण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। शुक्रवार को बीएमएस के एक प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुखलाल मंडाविया से मुलाकर की और श्रम से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर एक विस्तृत मांग पत्र सौंपा। जिसमें श्रम संहिताओं से जुड़े कुछ मुख्य चिंताएँ भी शामिल थीं। उन्होंने आश्वस्त किया कि भारतीय मज़दूर संघ (बीएमएस) द्वारा उठाये गए सभी वास्तविक चिंताओं का गंभीरता से समाधान किया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर संसद में संशोधन लाने सहित उचित कदम उठाए जाएंगे।

# पावर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय हॉकी में कोरबा पश्चिम बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



विजेता खिलाड़ी।

बिलासपुर के बहतराई स्थित हॉकी स्टेडियम के एस्ट्रोटर्फ मैदान में खेले जा रहे पावर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता का विजयी खिताब कोरबा पश्चिम के नाम रहा। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में कोरबा पश्चिम ने अंबिकापुर क्षेत्र को 2-0 से हराकर एकतरफा जीत हासिल की. कोरबा पश्चिम की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए खिताब पर 2-0 से कब्जा कर लिया। क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद बिलासपुर क्षेत्र के तत्वाधान में 19 से 22 नवंबर तक आयोजित चार दिवसीय अंतरक्षेत्रीय हाकी प्रतियोगिता के समापन समारोह में विजेता कोरबा पश्चिम की टीम को शील्ड एवं उपविजेता रही। अंबिकापुर की टीम को रनर शील्ड प्रदान किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एके अम्बस्थ द्वारा विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को शील्ड एवं ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए कार्यपालक निदेशक अम्बस्थ ने कहा कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने चार दिनों तक उत्कृष्ठ खेल प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। उन्होंने कहा कि आप सभी के प्रयास और मेहनत ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्युत कंपनीज के 9 टीमों में से 30 खिलाड़ियों को अखिल भारतीय विद्युत मंडल प्रतियोगिता के लिए चुना गया है।

# घर-घर पहुंचकर गणना पत्रक वितरित कर रही हैं बीएलओ मालती



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकतंत्र की बुनियाद को और मजबूत करने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य जोर-शोर से जारी है। जिले में कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में यह अभियान सुव्यवस्थित रूप से संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रक वितरित कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के भाग क्रमांक 176 में बीएलओ श्रीमती मालती सारथी और मितानीन द्वारा लगातार घर-घर पहुँचकर मतदाताओं को गणना पत्रक दिए जा रहे हैं। श्रीमती सारथी न केवल फार्म प्रदान कर रही हैं, बल्कि उनमें भरी जाने वाली आवश्यक जानकारी तथा संलग्न किए जाने वाले दस्तावेजों के बारे में भी मतदाताओं को विस्तार से समझा रही हैं। साथ ही वह मतदाताओं की समस्याएं भी सुन रही हैं और उनका समाधान सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही हैं। मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए उन्होंने अपना संपर्क नंबर भी उपलब्ध कराया है।

# व्यवसाय में आधुनिकीकरण अपनाना होगा : प्रहलाद



अध्यक्ष का स्वागत करते समाज के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ रजककार बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक(राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त) अपनी एक दिवसीय प्रवास पर ऊर्जा नगरी कोरबा में आगमन हुआ। इस अवसर पर बरेठ धोबी समाज के लोगों ने बड़े ही आत्मीयता के स्वागत किया। स्वागत उपरांत पंचवटी विश्राम गृह में प्रहलाद रजक द्वारा बरेठ समाज के प्रबुद्ध जनों के साथ एक मिटिंग का आयोजन किया। इस बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि धोबी समाज को अपनी पुस्तैनी व्यवसाय में आधुनिकीकरण को अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति को और मजबूत कर सकते हैं तथा समाज को एकजुटता के साथ रहने की सीख दी। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी श्री मुकुल कर्ष, गोपेश्वर बरेठ,टी आर बरेठ,दुखुराम बरेठ, मिलाप बरेठ, प्रदीप सोनसर्वा, संतोष कर्ष गुरूजी, समारूराम बरेठ, रामनाथ बरेठ, सदानंद बरेठ, गिरधारी बरेठ बालको, पुरूषोत्तम कर्ष, राजेश कर्ष,रमेश बरेठ, विष्णु बरेठ,पूरन कर्ष, दिगंबर कर्ष अभिषेक कर्ष, रामगोविंद बरेठ,आदि अनेकों समाजिक कार्यकर्ता उपस्थिति रहें।

### जनपद सीईओ का किया सम्मान



जनपद पंचायत कोरबा के नवपदस्थ सीईओ खगेश कुमार निर्मलकर का कोरबा बरेठ समाज के लोगों ने भेंटकर उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्री निर्मलकर ने कहा कि यह सम्मान मेरा नहीं बल्कि कोरबा बरेठ समाज का सम्मान है। हमारे समाज में एक से बढ़कर एक विद्वान हैं उन्होंने बशर्ते पहचाने की आवश्यकता है अपने बच्चों को अच्छे से अच्छे तालिम दो जिससे वे एक अच्छे नागरिक बनकर निकले।

# लंबे इंतज़ार के बाद पोड़ी उपरोड़ा बनेगा आदर्श विद्युत ग्राम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



विद्युत समस्याओं के निराकरण के लिए विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने अधिकारियों की टीम को क्षेत्रीय निरीक्षण के लिए भेजा। यह दल जिले के विभिन्न हिस्सों में पहुंचकर बिजली ढांचे और कार्यों की स्थिति का सघन निरीक्षण करता रहा। अधिकारियों की टीम ने ग्राम पौड़ी उपरोड़ा में स्थानीय विद्युत अधिकारियों के साथ संयुक्त सर्वे कर गांव को आदर्श विद्युत ग्राम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए।

सर्वे के आधार पर आवश्यकता के अनुरूप नए ट्रांसफार्मर, विद्युत पोल और लाइन विस्तार के निर्देश दिए गए। इसके बाद मौके पर ही कार्य प्रारंभ करा दिया गया। ग्राम आमा टिकरा में शासकीय योजना के अंतर्गत चल रहे विद्युत कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। यहां मौजूद बिजली व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन करने के बाद अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन ग्रामीण इलाकों में अब तक बिजली नहीं पहुंची है, वहां अविलंब विद्युत आपूर्तिसुनिश्चित की जाए। ग्राम लमना एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में बिजली संबंधी चल रहे नए कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ तकनीकी त्रुटियाँ सामने आईं। प्रबंध निदेशक ने इन त्रुटियों को तुरंत दुरुस्त करने हेतु संबंधित एजेंसियों को मौके से ही निर्देश जारी किए। क्षेत्र में 5 एमवीए पावर ट्रांसफॉर्मर लगाने का कार्य काफी समय से लंबित था। प्रबंध निदेशक के निर्देश के बाद इस महत्वपूर्ण कार्य को तुरंत शुरू करा दिया गया, जिससे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की क्षमता में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। ग्राम छुरी में निर्माण एजेंसी द्वारा किए जा रहे विद्युत कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। मौके पर कार्यों की गति धीमी पाई गई, जिस पर प्रबंध निदेशक ने संबंधित एजेंसी को शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# बैक डेट से जारी किया गया शिक्षकों का पदोन्नति आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्कूल शिक्षा विभाग जिला कोरबा अंतर्गत प्राथमिक, उच्च प्राथमिक,हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालय स्तर पर हजारों हजार शिक्षक कार्यरत हैं जो अपनी योग्यता एवं अर्हता की वृद्धि कर ऊंचे मुकाम हासिल करने, पदोन्नति प्राप्त करने की सोच रखते हैं जिसके लिए उच्च शिक्षा परीक्षा एवं कार्योत्तर अनुमति के लिए विधिक एवं नियमानुकूल विभागीय उच्च अधिकारियों के समक्ष सैकड़ों शिक्षकों अपनी अभ्यावेदन वर्षों से जमा किए हुए हैं और अनुमति आदेश के प्रयास हेतु सतत रूप से जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं स्थापना शाखा प्रभारी के चक्कर लगाते रहते हैं, किंतु हमेशा की तरह केवल एक ही जवाब कि, अधिकारी हस्ताक्षर नहीं कर रहे हैं। ततसंबंध में कुछ शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों को ज्ञात होने पर संगठन के माध्यम से बाकायदा लिखित रूप में उच्च शिक्षा परीक्षा अनुमति एवं कार्योत्तर अनुमति आदेश जारी करने हेतु निवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है किन्तु आज पर्यंत तक अनुमति आदेश जारी नही करने की मंशा समझ से परे है। कार्योत्तर अनुमति आदेश जारी नही होने के कारण कई शिक्षकों की उच्च शिक्षा की योग्यता सेवा पुस्तिका मे इंद्राज नही हो पा रहा है। अनुमति आदेश के आभाव से प्रभावित शिक्षकों के द्वारा संघ को ज्ञात हुआ है कि कुछ निजी स्वार्थ से प्रेरित संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने हितैषी शिक्षकों का अधिकारी से संपर्क कर अनुमति आदेश प्राप्त कर लेते हैं किंतु ऐसे शिक्षक जिनका सीधा सम्बन्ध न तो संगठन के पदाधिकारियों से है और ना ही अधिकारी से ऐसे शिक्षकों के लिए केवल इंतजार करने के सिवा और अन्य कोई विकल्प प्रतीत नहीं होता।

# ऑल इंडिया कराते चैंपियनशिप में फाइटरों ने जीते पदक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ऑल इंडिया कराते चैंपियनशिप रायपुर स्थित बलबीर सिंह जुनेजा इनडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया, जो 19 से एवं 20 नवंबर तक आयोजित किया गया। जिसमें जिले से 32 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। जिसमें भारत के कराते राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत शर्मा एवं टंक राम वर्मा शिक्षा मंत्री वहां मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। साथ ही ड्रेगन मार्शल आर्ट एकेडमी के 10 कराते फाइटर एवं लेवल अप एकेडमी से 22 कराते फाइटर का चयन इस प्रतियोगिता के लिए हुआ था। कोरबा जिला कराते संघ के उपाध्यक्ष एवं ड्रेगन मार्शल आर्ट एकेडमी के डायरेक्टर अजीत शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगता में सभी राज्यों से लगभग 500 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, असम,महाराष्ट्र, बिहार आदि राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें ड्रेगन मार्शल आर्ट क्लब से सब जूनियर और जूनियर खिलाड़ियों ने अलग अलग वजन वर्ग में पदक प्राप्त किया जिसमें खुशाल सिंह राठौर (कांस्य पदक), फरहान रजा (कांस्य पदक),भविष्य राज (स्वर्ण पदक), वंश राठौर (स्वर्ण पदक), अर्घ्य सिंह (कांस्य पदक), अमन टोप्पो (रजत पदक), फ्रांसिस कुजूर( कांस्य पदक) कुनाल गोस्वामी (रजत पदक), समर्थ अग्रवाल, अंश चंद्रा का खेल सराहनीय रहा एवं कोच अजीत शर्मा, अध्यक्ष अविनाश बंजारे, कोच प्रेमराज बंजारे, देव आशीष कोच, रानी मरकाम, टीम मैनेजर अनुज अग्रवाल साथ में उपस्थित रहे।

कोरबा मार्केट



## खबर संक्षेप



### मितानिन दिवस पर तिलकेजा में आयोजित किया गया कार्यक्रम

**मड़वारानी।** छत्तीसगढ़ की जनता के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में हमारी मितानिन बहनों की मेहनत का बहुत बड़ा योगदान रहा है। राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो प्रगति हासिल की है वह मितानिनो के प्रयास के बिना संभव नहीं होती। 23 साल पहले मितानिनों के द्वारा मातृत्व स्वास्थ्य शिशु स्वास्थ्य और पोषण के विषयों से अपना कार्य शुरू किया था। मलेरिया दस्त टीवी और कुष्ठ जैसी रोगों से लड़ने में बड़ी भूमिका निभानी शुरू की और मानसिक स्वास्थ्य बीपी शुगर और स्वास्थ्य की अधिकार के साथ-साथ मितानिन बहनों ने महिला सशक्तिकरण जैसे सामाजिक मुद्दों पर भी बेहतर कार्य कर रही है। यह शासन की अनेक कल्याणकारी योजनाओं के अधिकार से समुदाय को जोड़ रही है। यह कहना उचित होगा की मितानिन छत्तीसगढ़ का गौरव हैं। मितानिन सम्मान दिवस ग्राम तिलकेजा में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किशन कोसले जनपद सदस्य, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमति तेरस कंवर सरपंच ग्राम पंचायत तिलकेजा, ब्लाक समन्वयक शिवनारायण खरे, मितानिन प्रशिक्षिका श्रीमति पदमा कौशिक, पंचगड़ श्रीमति जमुना देवी, शुमन जायसवाल, देवमुरत कंवर सहित अन्य उपस्थित थे। इस दौरान मितानिन श्रीमति राधा कैवर्त, राखी धीवर, लीला बंजारे, संतोषी कंवर, अनिता कैवर्त, सुशीला खरे, नहर बाई उरांव, गायत्री, रजनी कर्ष, सावित्री कश्यप, जमुना जैसवाल, कौशिल्या, रामकुमारी कोसले, को सम्मान साड़ी एंव श्रीफल से किया गया।

### विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**कोरबा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार से संबद्ध मेरा युवा भारत द्वारा युवाओं के लिए विकासखंड स्तरीय खेलकूद का आयोजन किया गया। जिसमें पुरुष वर्ग के लिए कबड्डी, गोला फेक, 800 मीटर दौड़ एवं महिला वर्ग के लिए रस्साकसी, गोला फेक, 400 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कबड्डी एवं में बालको की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया तो वहीं द्वितीय स्थान पर लालघाट की टीम रही। महिलाओं में रस्साकसी में प्रथम स्थान बालको की टीम ने हासिल किया। कार्यक्रम में जितेंद्र सिंह राजपूत, विकास शर्मा, संध्या शर्मा एवं राजेश पांडे, अजीत शर्मा, गोपाल दास महंत, प्रभात सिंह, महेंद्र चंद्रा, नैतिक, दिनेश चंद्र यादव, नरेंद्र कुमार चंद्रा सहित अन्य उपस्थित थे।

### नवोदय विद्यालय सलोरा में मनाया गया 78वां एनसीसी दिवस

**कोरबा।** जवाहर नवोदय विद्यालय सलोरा में 78वां एनसीसी दिवस प्राचार्य श्रीमती पीआर शंकरी की अध्यक्षता में मनाया गया। विद्यालय इकाई के 50 कैडेट्स एवं एनसीसी अधिकारी सेकंड ऑफिसर रीतेश भोंसले के देखरेख में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के साथ साथ एनसीसी का वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। बटालियन की ओर से कमान अधिकारी कर्नल सेंथिल कुमार एस एवं प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अमित यादव उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में शिशु मंदिर के छात्रों ने लहराया परचम

**कोरबा।** अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान विद्या भारती के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता मथुरा में 13 से 16 नवंबर तक आयोजित हुआ। विद्या भारती मध्य क्षेत्र के अन्तर्गत छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व सरस्वती उच्च० माध्य० विद्यालय सीतामणी की तीन बहिनों ने किया और और राष्ट्रीय स्तर पर अपना स्थान बनाया। जिसमें कु० भारती बघेल कक्षा ग्यारहवीं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। कु० उपासना चौहत्था कक्षा 10वीं ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक अर्जित किया एवं कु० प्राची सूर्यवंशी कक्षा नवमी ने तृतीय स्थान हासिल कर कांस्य पदक प्राप्त किया। इस अवसर सरस्वती शिक्षा समिति के सचिव, व्यवस्थापक जोगेश लाम्बा एवं कोषाध्यक्ष शंकरलाल टमकोरिया की उपस्थिति में सम्मान किया गया। प्राचार्य विद्यानंद पाण्डेय द्वारा रोली-तिलक से अभिनंदन किया गया। व्यवस्थापक एवं कोषध्यक्ष के द्वारा मेडल, मोमेंटो प्रदान कर इन बहिनों को साम्मानित किया गया। विद्यालय के खेल प्रमुख आचार्य चूडामणी देवांगन एवं सह-खेल प्रमुख आचार्या कु० प्रिया दुबे को भी इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिये सम्मानित किया।

### अवधूत आश्रम में स्वास्थ्य शिविर 29 को

**कोरबा।** नगर पालिका दीपका के वार्ड क्रमांक 10 स्थित आंगनबाड़ी पालना केन्द्र दीपका क्रमांक 7 में आंगनबाड़ी पालना सहायिका के पद खाली है। इस पर भर्ती करने 28 नवंबर से आवेदन मंगाया है। बालको नगर । बालको टाउनशिप क्षेत्र में सेक्टर-4, फॉरेस्ट बैरियर के पास स्थित अवधूत भगवान राम सेवाश्रम में श्री सर्वेश्वरी समूह की निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 29 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। सुबह 10 बजे से शिविर शुरू होगी।

---

#### पिछले 11 महीने में शहर और आउटर में यातायात पुलिस कर रही है कार्रवाई

# 1596 चालकों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई लगभग 2 करोड़ ठोंका गया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा तरह-तरह के उपाय किये जा रहे हैं। सड़कों पर पुलिस की पैनी नजर है और ब्लैक स्पॉटों की पहचान कर वहां हादसों को रोकने के लिए पहल भी की गई है। साथ ही हाईवे पर शराब पीकर वाहन चलाने वाले शराबी चालकों पर कड़ी कार्यवाही भी कर रही है। यातायात पुलिस प्रतिदिन शहर में और आउटर में पहुंचकर शराबी चालकों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। यही वजह है कि पिछले 11 महीने के भीतर यातायात पुलिस ने 1596 शराबी चालकों के खिलाफ कार्यवाही कर उनसे लगभग 1 करोड़ 91 लाख 9 हजार 6 सौ रुपए की राशि जुर्माने के रूप में वसूल कर चुकी है।


कार्यवाही करती पुलिस।

उल्लेखनीय है कि जिले में लगातार वाहनों की संख्या बढ़ती जा रही है। औद्योगिक नगरी होने की वजह से ट्रेलर जैसे भारी वाहनों का दबाव भी बढ़ते जा रहा है। शहर और आउटर में तेजी से भारी वाहन सड़कों पर फर्राटे मार रहे हैं। यही वजह है कि हादसों का ग्राफ भी बढ़ते जा रहा है। हालांकि पिछले साल की तुलना इस साल अभी तक हादसों के ग्राफ में गिरावट दर्ज की गई है। जिसकी वजह से है कि पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर यातायात एएसआई मनोज राठौर, ईश्वरी लहरे, प्रधान आरक्षक संतोष सिंह व उनकी टीम लगातार सड़कों पर है और सड़क पर कैसे इन हादसों को कम किया जा सके इस पर काम कर रही है। खासतौर पर ब्लैक स्पॉट को चिन्हांकित कर उन स्थानों में हादसों को रोकने के लिए काम कर रही है। पूर्व में यह भी देखा गया है कि ज्यादातर सड़क हादसे शराब के नशे में वाहन चलाने की वजह से होते हैं। जिसमें शराबी चालक बेतरतीब वाहन चलाते हैं और उनकी चपेट में आने से लोगों की मौत हो जाती है। इसी तरह के हादसों को कैसे कम किया जा सके इसके लिए यातायात पुलिस शराबी चालकों पर विशेष पैनी निगाह जमाई हुई है और लगातार सड़कों पर उतरकर शराबी चालकों के खिलाफ कार्यवाही कर रही है। पिछले 11 महीनों के दौरान पुलिस ने शराबी चालकों पर विशेष कार्यवाही की है जिसमें 1596 शराबी चालकों के खिलाफ कार्यवाही कर उनसे लगभग 1 करोड़ 91 लाख 9 हजार 6 सौ रुपए जुर्मना वसूल किया है।

## जांच कर रही टीम पर पंच ने की हमले की कोशिश, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक प्रकरण की जांच के लिए सचिव सहित अधिकारी ग्राम पंचायत भवन पहुंचे थे जहां एक पंच शराब के नशे में धुत्त होकर पंचायत भवन पहुंचा और सचिव को चप्पल उठाकर मारने की कोशिश करते हुए उसके साथ गाली गलौच की है। सचिव की रिपोर्ट पर पुलिस ने पंच के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रोगबहरी निवासी मुखीसिंह कंवर पिता स्व माधोसिंह कंवर ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ग्राम पंचायत रजगामार में अगस्त 2024 से ग्राम पंचायत सचिव के पद पर कार्यरत है। वह 13 नवंबर को शिकायत जांच के संबंध में ग्राम पंचायत रजगामार कार्यालय में 11:40 बजे सरपंच हरीसिंह राठिया, पंच, जनपद पंचायत की ओर से अशुतोष मिश्रा उपस्थित थे। इस दौरान उनके द्वारा जांच कर कार्यवाही की जा रही थी इस बीच लगभग 12.32 बजे वार्ड क्रमांक 1 का पंच बेदराम राठिया वहां मौके पर पहुंचा और शराब पीकर भवन के अंदर घुसकर अधिकारियों को चप्पल उठाकर मारने की कोशिश कर रहा था और उनके साथ गाली गलौच की गई। इस बीच वहां मौजूद अधिकारी द्वारा बीच बचाव किया गया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने पंच के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### नवविवाहिता ने लगाई घर फांसी, 9 माह पूर्व की थी लव मैरिज

**कोरबा।** एक नवविवाहिता की लाश उसके ही घर पर फांसी के फंदे पर लटकी मिली। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच में जुट गई है। वहीं पीड़िता के परिजनों ने ससुराल वालों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। मामला मानिकपुर चौकी क्षेत्र का है। मृतिका मधु सूर्यवंशी जो कि जांजगीर चांपा के खोखरा गांव में रहने वाली थी और 9 महीने पहले ही अमरैय्यापारा में रहने वाले अरूण कोसले से लव मैरिज की थी। शादी के बाद से ही मधु अपने घर पर ही रहती थी। शनिवार को उसका शव फांसी के फंदे पर झुलती मिली।

## श्रम कानूनों में बदलाव से खत्म हो जाएगी कर्मचारियों को मिल रही सुविधाएं: दीपेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देशभर के 10 सेंट्रल ट्रेड यूनियन के विरोध के बावजूद सरकार ने मनमानी और गैर लोकतांत्रिक तरीके से 21 नवंबर 2025 को चार विवादास्पद श्रम संहिताएं विधेयक की अधिसूचना जारी कर दी है। यह सब संहिताएं औद्योगिक संबंध, मजदूरी संहिता, सामाजिक सुरक्षा और पेशागत सुरक्षा तथा स्वास्थ्य एवं कामकाजी परिस्थितियों से जुड़ी विधेयक है।

**खास बात**

- हायर एंड फायर की नीति लागू कर मनमाने तरीके से कामगारों को निकालने व रखने की मिलेगी खुली छूट

इस संबंध में एटक नेता दीपेश मिश्रा ने बताया है कि केंद्र की मौजूदा की सरकार ने श्रम कानूनों मे सुधार की बात कहकर 29 श्रम कानूनों को समाहित कर चार संहिताओं मे सूत्रबद्ध कर दी है। यह केन्द्र सरकार द्वारा देश के मेहनतकश लोगों के साथ किया गया धोखा है। इस संबंध मे एटक नेता दीपेश मिश्रा ने कहा है कि सरकार ने लेबर कोड के माध्यम से श्रम कानूनों में जो बदलाव किए हैं, उससे अभी कर्मचारियों को मिल रही कागजी सुरक्षा पूरी तरह खत्म हो जाएगी। इससे लगभग देश की तीन चौथाई कंपनियों मे बंधुआ मजदूरी प्रथा जैसे हालात बन जाएंगे। अब 300 से कम संख्या वाली कंपनियों द्वारा इस विधेयक के माध्यम से साजिश रचकर हायर एंड फायर की नीति लागू कर कामगारों को मनमाने तरीक़े से निकालने और नौकरी पर रखने की खुली छूट मिल जाएगी। इसी तरह निजी कंपनियों के मालिकों को मनमर्जी कंपनी बंद करने की लेबर कोड में छूट दी गई है। इसके साथ ही मजदूरों के काम के घंटे को भी 8 से बढ़ाकर 12करने का लेबर कोड में प्रावधान रखा गया है। उन्होंने कहा कि लेबर कोड बिल मे कर्मचारियों के हड़ताल करने पर पाबंदियां लगाई गई है। वहीं ट्रेड यूनियन पंजीयन को भी जटिल बना दिया गया है ताकि श्रम संगठनों की संख्या को पूरी तरह सीमित किया जा सके। इसके साथ ही ट्रेड यूनियन कानून 1926 को भी पूरी तरह कमजोर कर दिया गया है ताकि श्रम संगठनों का वजूद ही समाप्त हो जाए, जिसका श्रम संगठन विरोध कर रहे हैं। सरकार सामाजिक सुरक्षा संहिता मे सुरक्षा के दायरे मे असंगठित क्षेत्र के सभी मजदूरों को लाने का दावा किया है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट है। इस बारे में कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं है, इसी तरह सरकार ने दावा किया है कि नए लेबर कोड में नौकरी से निकाले गए मजदूरों के लिए विशेष फंड की व्यवस्था का प्रावधान किया गया है जो कि कोरा बकवास है। उन्होंने अन्त में कहा कि नया लेबर कोड मजदूरों के अधिकारों पर गहरी चोट है और इसका खिलाफत करने के लिए देशभर के मजदूर संगठनों ने नए लेबर कोड विधेयक के विरोध में 26 नवंबर को देशव्यापी आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है।


दीपेश मिश्रा।

## शोभायात्रा...


सिक्खों के गुरू तेगबहादुर की 350वीं जयंती के अवसर पर शहर में निकाली गई शोभायात्रा।

## श्रम संहिताओं की अधिसूचना पर ट्रेड यूनियनों का तीखा विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने केंद्र सरकार द्वारा चारों श्रम संहिताओं को 21 नवंबर से लागू करने की अधिसूचना को मजदूरों के साथ कपटपूर्ण धोखा और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की खुली अवहेलना करार देते हुए कड़े शब्दों में निंदा की है। संयुक्त मंच ने साफ कहा कि यह फैसला भारत के कल्याणकारी राज्य की मूल भावना को नष्ट करता है और मेहनतकश तबके के अधिकारों पर सीधा हमला है। ट्रेड यूनियनों ने याद दिलाया कि वर्ष 2019 में वेतन संहिता लागू होने के साथ ही देशभर में व्यापक विरोध शुरू हो गया था। जनवरी 2020 की राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल वर्ष 2020 में शेष तीन श्रम संहिताओं औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता, तथा व्यावसायिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संहिता के खिलाफ आंदोलन और 26 नवंबर 2020 की ऐतिहासिक हड़ताल, किसानों के दिल्ली चलो आंदोलन के साथ संयुक्त प्रतिरोध का प्रमाण है। इसके बाद भी कई बड़े विरोध कार्यक्रम हुए, जिनमें 9 जुलाई की ऐतिहासिक हड़ताल शामिल है, जिसमें 25 करोड़ से अधिक श्रमिकों ने भाग लिया। संयुक्त मंच ने आरोप लगाया कि श्रम शक्ति नीति 2025 पर 13 नवंबर को बुलाई गई बैठक में श्रम संहिताओं को खत्म करने और भारतीय श्रम सम्मेलन को तुरंत बुलाने की मांग की गई, जो वर्ष 2015 के बाद से आयोजित नहीं हुआ है। यही मांग 20 नवंबर को वित्त मंत्रालय की बजट-पूर्व परामर्श बैठक में भी दोहराई गई। संगठनों का कहना है कि सरकार ने इन सभी मांगों को नज़रअंदाज़ करते हुए नियोक्ता संगठनों और अपने समर्थक समूहों के दबाव में श्रम संहिताओं को लागू कर दिया।

**खास बात**

- 26 को देश भर में अवज्ञा और प्रतिरोध की घोषणा

## मूल्य आधारित शिक्षा ही जीवन का आधार : भगवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्रीय विद्यालय एनटीपीसी में शनिवार को प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में ब्रह्माकुमारी भगवान भाई ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। शिक्षा शब्द के अंग्रेज़ी अनुवाद एजुकेशन के एक-एक अक्षर का मतलब समझाते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा का क्षेत्र बहुत ही विस्तृत है और इसमें पूरा जीवन समाहित है। आजकल के बच्चों में बढ़ती हुई मोबाइल और टीवी की प्रवृत्ति की ओर संकेत करते हुए उन्होंने कहा कि मोबाइल और टीवी बच्चों की स्मरण शक्ति को कमजोर कर रहे हैं, जिससे बच्चे पढ़ाई में ध्यान कम दे पाते हैं, और याद कम कर पाते हैं। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा मूल्य आधारित होनी चाहिए शिक्षा का मतलब केवल पुस्तक पढ़ना ही नहीं बल्कि जीवन में नैतिक मूल्यों और संस्कारों को अपनाना ही शिक्षा का सही उद्देश्य है। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी की जिला संचालिका सुश्री बिंदु और वीरेश उपस्थित रहे।



## टीटी ने किया समय पर हस्तक्षेप, रेलवे स्टेशन पर बड़ा हादसा टला

**कोरबा।** रेलवे स्टेशन में रविवार की सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जब रायपुर जा रही हसदेव एक्सप्रेस से उतरने की कोशिश में एक युवती ट्रेन के पहियों के नीचे आने से बाल-बाल बच गई। मौके पर मौजूद टीटी और रेलवे पुलिस की त्वरित कार्रवाई से युवती की जान बच गई, जिसने स्टेशन पर मौजूद यात्रियों के बीच हड़कंप मचा दिया। यह घटना सुबह लगभग 6 बजकर 35 मिनट पर हुई, जब हसदेव एक्सप्रेस रायपुर के लिए रवाना हो रही थी। ट्रेन के प्लेटफॉर्म छोड़ते ही, दो सगी बहनें दौड़ते हुए आईं और चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करने लगीं। छोटी बहन को स्टेशन पर खड़ा देख, बड़ी बहन ने तुरंत चलती ट्रेन से उतरने की कोशिश की। इसी प्रयास में वह संतुलन खो बैठी और फिसलकर लगभग ट्रेन के पहियों के नीचे आने ही वाली थी।तत्काल बचाव कार्य: युवती को फिसलते देख, प्लेटफॉर्म पर तैनात रेलवे पुलिस और टिकट परीक्षक ने बिना समय गंवाए हस्तक्षेप किया। उन्होंने तुरंत दौड़कर युवती को सुरक्षित बाहर निकाला।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

#### नगर निगम ही देता है नजूल विभाग को टैक्स

# नगरीय निकायों में शुरु किया जाएगा नजूल जमीन का सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम कोरबा की तरह अन्य नगरीय निकायों में नजूल जमीन के सर्वे के लिए अभियान चलेगा। वर्तमान में नगर निगम कोरबा के द्वारा ही नजूल भूमि को टैक्स के रुप में एक बड़ी राशि दी जाती है। उनके अलावा अन्य नगरीय निकायों में भी आय के स्त्रोत की तलाश होगी। जिसे नगरीय निकायों में आर्थिक रुप से स्वावलंबन आ सके।

छोटे नगरीय निकायों में भी आय के स्त्रोत बढ़ाने की तैयारी शासन के निर्देश पर हमेशा चलती रही है ताकि छोटे नगरीय निकायों को आर्थिक रुप से मजबूत बनाया जा सके। जिले में नगर पालिक निगम कोरबा के अलावा पाली, छुरी, दीपका, कटघोरा नगरीय निकाय आते हैं इनमें नगर पालिक निगम कोरबा ही आय के स्त्रोत के मामले में आर्थिक रुप से मजबूत है शेष अन्य नगरीय निकाय में आय का स्त्रोत बढ़ाने के लिए नजूल भूमि का सर्वे होगा। इसके साथ ही नजूल भूमि में बने शासकीय, अशासकीय संपत्तियों से टैक्स की वसूली भी होगी। वर्तमान में छोटे नगरीय निकायों में नजूल भूमि का सही तरह से सर्वे नहीं होने के कारण जमीनों का निर्धारण नहीं हो पा रहा है जिससे ना तो नजूल विभाग को टैक्स मिल पाता है और ना ही छोटे नगरीय निकायों में आय के नए स्त्रोत तैयार हो पाते हैं। दूसरी तरफ ऐसे कई नगरीय निकाय हैं जहां अभी भी वन भूमि का हिस्सा होने के कारण छोटे बड़े किसी भी तरह के निर्माण कार्य भी नहीं हो पाते हैं।



**दीपका में शासकीय भूमि की दरकार**

नगर पालिका परिषद दीपका अंतर्गत सरकारी भूमि का संकट होने के कारण कई शासकीय भवन का निर्माण अटका हुआ है। अधिकांश जमीनें एसईसीएल के अधिकृत भूमि के दायरे में आती हैं। यही कारण है कि सरकारी भूमि की दरकार बनी है। नगर पालिका दीपका का विस्तार करने के लिए आसपास के ग्रामों को इसकी सीमा में लाने के कार्य की शुरुआत हुई थी ताकि नगरीय निकाय के हिस्से में कुछ शासकीय जमीन आ सके लेकिन आसपास के ग्राम पंचायतों को नगरीय निकाय में शामिल करने का कार्य ठण्डे बस्ते में चला गया।

